प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने जेवर हवाई अड्डे के पास सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने को दी स्वीकृति : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– सेमीकंडक्टर उत्पादन का केंद्र बन रहा है उत्तर प्रदेश।
2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में दी जानकारी : राष्ट्रपति ने कहा– आतंकवाद के विरूद्ध भारत की कार्रवाई उल्लेखनीय सफलता।
3. मुख्यमंत्री ने आज लखनऊ में तिरंगा यात्रा में शामिल होकर सेना के शौर्य को दी सलामी : तनाव के दौरान पूरे देश को एकजुट रखने के लिए प्रधानमंत्री का जताया आभार।

और

4. बर्ड फ्लू के खतरे के चलते राज्य के सभी प्राणी उद्यान 20 मई तक के लिये बंद : केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने 5 सदस्यीय जांच टीम का किया गठन।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश के जेवर हवाई अड्डे के पास एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने को स्वीकृति दे दी है।

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि देश में पांच सेमीकंडक्टर इकाइयों का निर्माण पहले से ही जारी है। उन्होंने कहा कि इस छठी सेमीकंडक्टर इकाई के साथ, भारत रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेमीकंडक्टर उद्योग को विकसित करने की अपनी यात्रा में आगे बढ़ रहा है। बाइट..

*जो भारत का छठा सेमीकंडक्टर यूनिट बनेगा वो जेवर उत्तर प्रदेश में बन रहा है उसको अप्रूव किया है। आप सब जानते हो कि अब तक पाँच सेमीकंडक्टर की यूनिट्स इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन के तहत बहुत तेजी से उसमें कंस्ट्रक्शन चल रहा है उन पाँचों में उसी कड़ी में एक और बहुत ही एडवांस्ड यूनिट है जो की एचसीएल आप जानते हैं हिंदुस्तान कंप्यूटर्स लिमिटेड और फॉक्सकॉन जो दुनिया का सबसे बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरर है उन दोनों का जॉइंट वेंचर है।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रिमंडल के इस फैसले के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह निर्णय एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने लिखा कि भारत अब सेमीकंडक्टर विनिर्माण में वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है। वहीं उत्तर प्रदेश उच्च स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उत्पादन के केंद्र के रूप में उभर रहा है। 3700 करोड़ रुपए के निवेश से बनने वाली इस इकाई में मोबाइल फोन, लैपटॉप और वाहनों के डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण होगा।

———————

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने

आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। राष्ट्रपति ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

——————————

सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार शॉ आज सुबह भारत लौट आए हैं। 23 अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया था। सीमा सुरक्षा बल के सूत्रों ने उनकी वापसी की पुष्टि की है। गिरफ्तार किए जाने के दौरान वे सीमा बाड़ के निकट काम कर रहे किसानों की रक्षा करने वाली टीम का हिस्सा थे।

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के ज़रिए भारतीय सेना ने आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कारवाई कर देश का मान बढ़ाया है। रिटायर्ड मजर जनरल विमलेश तिवारी ने कहा कि सेना की कारवाई से पूरे देश में राष्ट्र प्रथम का भाव बढ़ा है और आतंकवाद के खिलाफ देश एकजुट हुआ है। बाइट....

*ऑपरेशन सिंदूर का कार्यान्वयन भारतीय शस्त्र बलों की अद्वितीय सामरिक एकता, सामरिक क्षमता और सामर्थ्य को प्रदर्शित करता है। इसने पूरे देश को एकजुट कर दिया है। साथ साथ पाकिस्तान जैसे आतंकवादी देशों और समस्त विश्व के देशों के लिए भी यह एक महत्वपूर्ण संदेश है कि*

*भारतीय सेनाएं हर प्रकार की सामरिक चुनौतियों के लिए और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और पूरी तरह से सक्षम हैं। देश में ऐसा गर्व का माहौल बना है और हमारी सेनाओं की तरफ सबकी भावना और ज्यादा बढ़ गई है।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित भारत शौर्य तिरंगा यात्रा का नेतृत्व किया। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना के शौर्य को सलामी देने के लिए निकाली जा रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भारत पाकिस्तान के बीच तनाव के दौरान पूरे देश को एकजुट रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जिस तरह भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर पाकिस्तान को मजबूती से जवाब दिया, उससे दुनिया भर में ये संदेश गया है कि भारत की तरफ आंख उठाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। बाइट.....

*पाकिस्तान के द्वारा की गई हिमाकत को भारत के बहादुर जवानों ने चाहे वह वायुसेना रही हो, थल सेना रही हो या नौसेना रही हो। इन सभी जवानों ने जिस मजबूती के साथ उसका जवाब दिया दुनिया को संदेश भी दिया कि हम छेड़ेंगे नहीं, लेकिन कोई छेड़ेगा, तो फिर उसको छोड़ेंगे भी नहीं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और नकली

दवाओं के कारोबार को 'सामाजिक अपराध' करार दिया। पेश है एक रिपोर्ट....

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि तेल, घी, मसाले, दूध, पनीर जैसी दैनिक उपभोग की वस्तुओं की जांच यथा संभव उत्पादक इकाई पर ही की जाए। उन्होंने कहा कि खाद्य सामग्री में मिलावट जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर विषय है। श्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत मिलावट खोरों और नकली दवाओं के कारोबारी नेटवर्क के विरुद्ध सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से चिन्हित किया जाए और उनकी तस्वीरें प्रमुख चौराहों पर लगाई जाएं, जिससे जनता उन्हें पहचान सके और समाज में उनके प्रति नकारात्मक संदेश जाए।*

*आकाशवाणी समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों और सफारी पार्कों में बर्ड फ्लू के बढ़ते खतरे को देखते हुए हाईअलर्ट जारी किया गया है। वन्य जीव विभाग ने स्वास्थय सुरक्षा मानकों का

पालन करते हुए प्रदेश के सभी प्राणी उद्यानों को एक सप्ताह के लिए बंद कर दिया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से देश के प्रमुख वन्य जीव संस्थानों के वेटनरी डॉक्टरों और पैथोलॉजिस्ट की 5 सदस्यीय टीम शीघ्र ही गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्लाह खां प्राणी उद्यान में भेजी जाएगी। यह टीम प्राणी उद्यान के जानवरों में बर्ड फ्लू की चिकत्सकीय जांच कर 15 दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करेगी। जिसके दिशा–निर्देशों के मुताबिक ही आने वाले दिनों में प्राणी उद्यानों में जानवरों का रख रखाव तय किया जाएगा। गोरखपुर चिड़ियाघर में एवियन इंफ्लुएंज़ा के कारण बाघिन शक्ति की मौत के बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रदेश के वन राज्यमंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सभी चिड़ियाघरों मेंनियमित सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, ताकि वायरस के प्रसारको रोका जा सके। बाइट.....

*हमारे सभी जू एक हफ्ते के लिए बंद कर दिए गए। हर जगह सैनिटेशन का इंतजाम किया जा रहा है। सफाई का पूरा इंतजाम किया जा रहा है। चूना छिड़का जा रहा है, दवाइयाँ छिड़की जा रही है ताकि अगर कहीं कोई वायरस है तो वो मर जाए। लोगों के लिए जू इसलिए बंद कर दिया गया ताकि औरों में न फैले किसी मानव में न फैले। उसके अलावा जानवरों का जहाँ से खाना आता है उसकी भी जाँच की जा रही है की आखिर कहाँ से यह वायरस आया और कैसे फैला।*

————————————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम में दो सौ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री स्कूल और हाईजीन किट बांटी। साथ ही लाभार्थियों को

पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड और पीएम किसान सम्मान निधि प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर राज्यपाल ने विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता की सतत् निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित नहीं की जाती, तब तक शिक्षा को पूर्ण नहीं माना जा सकता। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया किवे देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

——————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में प्रदेश के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सातवें स्थान पर जगह बना ली है। विभिन्न खेलों में राज्य को अब तक 43 पदक मिल चुके हैं जिनमें 12 स्वर्ण, 17 रजत और 14 कांस्य पदक शामिल हैं। इसी क्रम में आज नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में पुरुषों के फ्लोर फाइनल में उत्तर प्रदेश क हर्षित डी. ने स्वर्ण पदक जीता है। चार मई से शुरू हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स का कल समापन हो जाएगा।

——————————

प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग बेहाल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य के अधिकांश हिस्सों में आज अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया। वाराणसी में सर्वाधिक 43 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज

किया गया, जबकि झांसी में तापमान 42 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने कल से 18 मई तक प्रदेश में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। हालांकि 17 मई से तराई क्षेत्रों में बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी।

(समाप्त)